**खबर संक्षेप**

## पत्राचार एवं हवा हवाई दावों के बीच बीत गये 14 साल, आज तक नहीं मिल पाई हवाई पट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में वर्षों पुरानी हवाई पट्टी की मांग अधर में लटकी हुई है। जिले में औद्योगिक विकास की संभावनाओं के मददेनजर हवाई पटटी के निर्माण का प्रस्ताव दशक भर से ज्यादा समय से फाइलों में सिमटकर रह गई है। औद्योगिक, माइनिंग, पर्यटन सहित कई मायनों में कटनी जिला खास अहमियत रखता है, बावजूद इसके उपेक्षित है। इसकी मुख्य वजह यह है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा गंभीरता के साथ ध्यान नहीं दिया जा रहा और अधिकारी भी सिर्फ पत्राचार तक सीमित हैं। मार्बल उद्योग, आयरनओर का बड़ा कारोबार, डोलोमाइट की पर्याप्त उपलब्धता, दुनिया में जाहिर कटनी का सेंड स्टोन, राइस मिलें, दाल मिलें, रेत की खदानें, परचून, सराफा और कपड़ा सहित सहित ड्रोन हब कटनी बनने जा रहा है, कई मायनों में कटनी जिला खास अहमियत रखता है। शहर व्यापारिक मिनी राजधानी है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हवाई सुविधा कटनी के लिए बेहद जरूरी है, ताकि जिले में निवेश करने वाले लोग दिल्ली, मुंबई सहित बड़े महानगरों से आसानी से पहुंच सकें, देश-दुनिया के लोग शहर से जुड़ सकें, लेकिन कटनी में हवाई पट्टी बनाने के लिए घोषणा के 12 साल बाद भी अबतक इसमें कोई अमल नहीं हो पाया है। गौरतलब है कि 2012 में खजुराहो इंटरनेशन ग्लोबल मीट का आयोजन हुआ था जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हवाई पट्टी बनाए जाने की बात कही थी। बजट में 2013 में एक लाख रुपये तत्कालीन विधायक गिरिराज किशोर पोद्दार ने स्वीकृत कराए, ताकि प्रोविजन होने से वह काम शासन की वर्किंग में आ जाए। एयर स्ट्रिप बनने से उद्योग, पर्यटन की दृष्टि से कटनी का विकास होगा। कुछ साल पहले मेक्सिको कंपनी आकर हवाई अड्डा बनाने के लिए सर्वेक्षण कर गई है, लेकिन अभी तक मुख्यमंत्री की घोषणा पर प्रशासनिक व जिम्मेदार विभाग ने गंभीरता से - ध्यान नहीं दिया है। वर्ष 2009 में तत्कालीन विधायक गिरिराज किशोर पोद्दार ने विधानसभा में प्रश्न लगाया और कहा कि कटनी जिले में हवाई पट्टी का निर्माण किया जाए। इस पर 6 अक्टूबर 2009 को कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को कलेक्टर की ओर से पत्र गया था कि अतिशीघ्र प्रक्कलन बनाकर दिया जाए। 11 जनवरी 2010 को कलेक्टर कार्यालय से सूचना आई कि विमानन विभाग को पत्राचार किया गया है। इसके बाद 19 फरवरी 2010 को सूचना दी गई कि 4 मार्च 2010 को सचिव विमानन विभाग को पत्र लिखा गया है। 17 जुलाई 2012 के जवाब में कहा गया सीएम ने बजट के आधार पर राज्य शासन द्वारा हवाई पट्टी निर्माण के लिए सैद्धांतिक निर्णय लिया गया। कटनी देश का महत्वपूर्ण जंक्शन है। जंक्शन में होने के साथ ही देश के प्रमुख शहरों से रेल कनेक्टिविटी है। कटनी से मध्यप्रदेश के तीन टाइगर रिजर्व बांधवगढ़, पन्ना, रीवा तक पहुंचने के लिए सुलभ मार्ग हैं। इन सुविधाओं को ध्यान में रखकर देशी और विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में कटनी पहुंचते हैं। मैहर धाम, शारदा धाम विगढ़, कोनिया धाम आदि पर्यटकों की सुविधा को भी ध्यान में रखकर हवाई पट्टी निर्माण आवश्यक है। किसी को इमरजेंसी में बेहतर इलाज की जरुरत पड़ जाए तो एयर एंबुलेंस से बड़े शहरों तक जल्दी पहुंचाना संभव नहीं है। जिलें में हवाई पट्टी निर्माण के बाद दूसरे शहरों तक पहुंचने में समय की बचत होगी।

**सूर्योदय के साथ ही भगवान भोलेनाथ के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा**

# महाशिवरात्रि पर शिवमय हुआ सतनाः शिवालयों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

**सतना।** धर्मधानी सतना सहित समूचे जिले में महाशिवरात्रि का पर्व रविवार को अपार श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया।सूर्योदय के साथ ही भगवान भोलेनाथ के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। भक्तों ने कतारों में लगकर महादेव का जलाभिषेक किया और सुख-समृद्धि की कामना की।













### प्रमुख मंदिरों में सुबह से लगी लंबी कतारें

शहर के जगतदेव तालाब स्थित शिव मंदिर,पशुपतिनाथ मंदिर,कचहरी स्थित शिव मंदिर,मार्कण्डेय मंदिर, पन्नीलाल चौक और पावर हाउस के पास स्थित शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। 'ओम नमः शिवाय' के महामंत्र के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान का पूजन,अभिषेक और हवन किया। शाम ढलने तक मंदिरों में दर्शनार्थियों का रेला उमड़ता रहा।

### झांकियों ने मोहा मन

महाशिवरात्रि के अवसर पर सिंधी कैंप,सुभाष पार्क और कृष्णनगर सहित कई स्थानों पर भगवान शिव की मनमोहक झांकियां सजाई गईं।सुभाष पार्क में यहाँ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिव झांकी सजाने के साथ-साथ शिव के अवतरण और उनके जन-कल्याणकारी कार्यों की जानकारी दी गई।

उत्सव के रंग में रंगे शहर में पन्नीलाल चौक,धवारी चौराहा,स्टेशन परिसर,सिंधी कैंप और कृष्णनगर जैसे क्षेत्रों में विशाल भंडारों का आयोजन हुआ। हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन के बाद प्रसाद ग्रहण किया। महाप्रसाद के रूप में कहीं खीर-पूरी और खिचड़ी,तो कहीं पारंपरिक भांग का वितरण भी किया गया। देर रात तक शहरी व ग्रामीण अंचलों महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। सड़क पर भक्तों का सैलाब देखने को मिला।

### न्यायविदों ने किया दुग्धाभिषेक और हवन

कचहरी परिसर स्थित शिव मंदिर में न्यायविदों और अधिवक्ताओं ने विधि-विधान से पूजन किया। मंत्रोच्चार के बीच भगवान का दुग्धाभिषेक और जलाभिषेक करने के बाद विश्व शांति के लिए हवन कुंड में आहुतियां दी गईं।

### गैवीनाथ धाम और ग्रामीण क्षेत्रों में भी भारी भीड़

जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिरसिंहपुर स्थित गैवीनाथ धाम और कोदर्ननाथ सहित ग्रामीण अंचलों के शिवालयों में भी उत्सव की धूम रही। विशेष साज-सज्जा के बीच भक्तों ने कतारबद्ध होकर महादेव के दर्शन किए। चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## महाशिवरात्रि पर शिवमय हुई शारदा नगरीः शिवालयों में उमड़ा भक्तों का सैलाब, जगह-जगह हुए विशाल भंडारे

**मैहर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर माँ शारदा की नगरी मैहर पूरी तरह शिव भक्ति के रंग में डूबी नजर आई। भोर होते ही नगर के सभी शिवालयों के पट खुल गए,जहाँ दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।



### गोलामठ मंदिर में दिखा विशेष उत्साह

नगर के ऐतिहासिक और प्राचीन गोलामठ शिव मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। यहाँ श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक,दुग्धाभिषेक कर बेलपत्र और धतूरा अर्पित किया।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गीता संतोष सोनी एवं सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी ने मंदिर परिसर में पहुंचकर श्रद्धालुओं को फल वितरित किए और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### भंडारों की रही धूम, जुटे दिग्गज

त्योहार के उल्लास के बीच नगर में जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। दसाईपुर स्थित नितिन ताम्रकार के फार्म हाउस पर स्थित मंदिर में बड़े स्तर पर प्रसाद वितरण हुआ। वहीं राज्य परिवहन बस स्टैंड पर राम प्रकाश गुप्ता एवं संजू गुप्ता परिवार द्वारा भी भंडारा आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों में राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की,जिनमें विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने,रमेश पांडे बम-बम महाराज,कुलदीप तिवारी,कांग्रेस जिला अध्यक्ष धर्मेश घई,डॉ.के.सी.जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। प्रशासन और समितियों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे,जिससे देर रात तक दर्शन और भक्ति का सिलसिला शांतिपूर्ण ढंग से चलता रहा।

## शराब के लिए पैसे न देने पर मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार,भेजे गए जेल

सतना।

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत अहरी टोला में शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर युवक के साथ मारपीट करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।



### क्या है पूरा मामला?

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,पीड़ित पवन कोल 24 वर्ष निवासी अहरी टोला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 फरवरी की रात करीब 8 बजे जब वह अपनी चाची के घर बैठा था,तभी मोहल्ले के ही राज कोल और मुकेश उर्फ मुक्कू कोल वहां पहुंचे। आरोपियों ने पवन से शराब पीने के लिए 200 रुपये की मांग की। जब पवन ने पैसे देने से मना किया,तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और डंडे व लात-घूंसों से उसकी जमकर पिटाई कर दी। जाते-जाते आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। फरियादी की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 186/26 के तहत बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.शिवेश सिंह बघेल एवं सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रावेन्द्र द्विवेदी ने टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की।

### पकड़े गए आरोपियों के नाम

राज कोल पिता परदेशी कोल 19 वर्ष और मुकेश उर्फ मुक्कू कोल पिता सुरेश कोल 19 वर्ष है।पुलिस ने दोनों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया और रविवार को न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हें केन्द्रीय जेल सतना भेज दिया गया है।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक राकेश साकेत,आरक्षक शिवकुमार तिवारी,बृजेश कुमार और रविराज सिंह की विशेष भूमिका रही।

## रेलवे प्रीमियर लीग 2026: सेमीफाइनल की जंग तेज, ग्रुप 'B' की दो टीमों पर टिकी निगाहें

**सतना।** रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित रेलवे प्रीमियर लीग 2026 अब अपने बेहद रोमांचक पड़ाव पर पहुँच गई है। लीग मैचों के अंतिम दौर के साथ ही सेमीफाइनल की तस्वीर साफ होने लगी है। टूर्नामेंट कमेटी के मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार,ग्रुप 'A' से सतना कैरिज वेगन और ऑपरेटिंग टीम ने पहले ही शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। ग्रुप 'B' की स्थिति अभी भी सस्पेंस भरी बनी हुई है। इस ग्रुप से लोको,उचेहरा प्लस मैहर एकादश और आरपीएफ प्लस जीआरपी के बीच कड़ी टक्कर है। इन तीनों ही टीमों का अभी एक-एक लीग मैच शेष है। आगामी 17 तारीख को होने वाले अंतिम लीग मैच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि ग्रुप 'B' से कौन सी दो टीमें सेमीफाइनल का टिकट कटाएंगी।




### कल के मैचों का शेड्यूल (16 फरवरी)

**कल मैदान पर तीन महत्वपूर्ण मुकाबले खेले जाएंगे,जो टीमों के भविष्य के लिहाज से निर्णायक साबित हो सकते हैं:**

सुबह 09:00 बजे: स्टेशन 11 बनाम आरपीएफ प्लस जीआरपी

दोपहर 11:30 बजे: रीवा कैरिज वेगन बनाम टीआरडी

दोपहर 02:00 बजे: स्टेशन 11 बनाम रीवा कैरिज वेगन

लीग मैचों की समाप्ति के बाद टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल की तारीखें इस प्रकार हैं

पहला सेमीफाइनल: 19 तारीख

दूसरा सेमीफाइनल: 20 तारीख

महामुकाबला : 22 तारीख (रविवार)

### इनके कंधों पर है सफल आयोजन की जिम्मेदारी

टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति दिन-रात जुटी हुई है। सचिव यादवेंद्र सिंह और कोषाध्यक्ष नीरज राज के मार्गदर्शन में पूरी टीम कड़ी मेहनत कर रही है।समिति के प्रमुख सदस्यों में पंकज तिवारी,मनीष पांडे,एस.एन. शुक्ला,पुष्पेंद्र तिवारी,सुनील शर्मा,अभिषेक सिंह,घनश्याम यादव,धीरेंद्र गुप्ता, डी.के.सक्सेना,अवधेश,नीरज कुमार,अजीत कुमार,मुन्ना माइकल,राजेंद्र गुप्ता,निवेद्र सिंह,आर.के.गुप्ता , राहुल गौतम,पुष्पदंत,अमित सिंह,उपेंद्र सिंह और रवीश कुमार आदि निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## राशिद नसीम ने यूपीएससी सीएपीएफ में पाई सफलता, बीएसएफ में संभालेंगे देश की सुरक्षा की कमान

**मैहर। मैहर जिले के लिए आज का दिन गौरव और हर्ष से भरा है। नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी नसीम अहमद (पटिया वाले) के सुपुत्र राशिद नसीम ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेस की कठिन परीक्षा में सफलता का परचम लहराया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ ही राशिद का चयन बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स में बतौर अधिकारी हुआ है।**



### विधायक और गणमान्य नागरिकों ने दी बधाई

राशिद की इस सफलता की सूचना मिलते ही पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने राशिद नसीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।विधायक ने कहा कि राशिद ने न केवल अपने परिवार का,बल्कि पूरे मैहर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। यह उपलब्धि क्षेत्र के उन सैकड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी जो प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से देश सेवा का सपना देखते हैं।

### युवाओं के लिए बने प्रेरणास्रोत

राशिद के घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। परिवारजनों और मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने का अवसर मिलना बड़े सौभाग्य की बात है। स्थानीय निवासियों का मानना है कि सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है,राशिद ने इसे सच कर दिखाया है।अब वे बीएसएफ में शामिल होकर भारत की सीमाओं की सुरक्षा का महत्वपूर्ण दायित्व निभाएंगे।

## शिवराजपुर में जगद्गुरु रामभद्राचार्य का भव्य स्वागत, आज होगा विशाल भंडारा

**सतना।** दहलान धाम में आयोजित रुद्र महायज्ञ में तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य का भव्य आगमन हुआ। आयोजक रुद्र प्रताप त्रिपाठी ने उनका स्वागत कर स्मृति चिह्न भेंट किया। महाराज श्री ने शिव-पार्वती विवाह और महामृत्युंजय मंत्र की महिमा बताई। वहीं,नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन श्रीकृष्ण-सुदामा मित्रता के प्रसंग के साथ हुआ। आचार्य निर्मल कुमार शुक्ल ने सुदामा की भक्ति और भगवान के प्रेम का भावपूर्ण वर्णन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आज यजमान पं.चंद्रशेखर त्रिपाठी ने सभी श्रद्धालुओं से विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।



## नागौद में फिल्मी अंदाज में ट्रैक्टर-ट्रॉली पारः अपनी बाइक छोड़ भागे बदमाश, जांच में जुटी पुलिस



**सतना।** नागौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोरी की एक ऐसी वारदात सामने आई है जिसने फिल्मी कहानी को भी पीछे छोड़ दिया है। ग्राम मोर मोड़ के पास अज्ञात बदमाशों ने रविवार तड़के करीब 4 बजे एक बगीचे में खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित उत्तम कुमार मिश्रा का ट्रैक्टर क्रमांक MP-19 AC 2799 और उससे जुड़ी ट्रॉली चोर बड़ी ही चालाकी से ले उड़े। सुबह जब परिजनों की नजर खाली स्थान पर पड़ी,तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

### मौके पर छूटी बाइक ने बढ़ाया रहस्य

इस घटना को जो बात रहस्यमयी बनाती है,वह है मौके पर मिली एक मोटरसाइकिल। बदमाश ट्रैक्टर ले जाते समय अपनी बाइक वहीं छोड़ गए। शुरुआती जांच में पता चला है कि बाइक रहितवारा निवासी बीजू सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड है।पुलिस अब इस गुत्थी को सुलझाने में लगी है कि बाइक चोरी की है या वारदात में शामिल किसी आरोपी की। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। संदिग्धों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ग्रामीणों में आक्रोश और दहशत

इस घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। क्षेत्र में लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं से नाराज लोग अब पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते पुलिस की सक्रियता नहीं बढ़ी,तो ऐसी वारदातें और बढ़ सकती हैं।

खबर संक्षेप

## आकाश अग्रवाल ने किया जरूरतमंद को रक्तदान

**दमोह।** पुलवामा हमले के शहीदों को नमन करते हुए मानवता की सेवा का संदेश देते हुए महामाया रक्तदान एवं जनकल्याण समिति के सदस्य आकाश अग्रवाल जी ने ओ पॉजिटिव रक्तदान किया। समिति के अध्यक्ष अखिलेश रजक द्वारा आकाश अग्रवाल एवं गजेंद्र अहीरवाल को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष अखिलेश रजक ने सभी लोगों से अपील की कि जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए आगे आएं और अधिक से अधिक रक्तदान करें। रक्तदान महादान है कृ आपका एक कदम किसी की जिंदगी बचा सकता है। सहयोगी सदस्य सहयोगी अध्यक्ष अखिलेश रजक, डॉ अमित प्रकाश जैन, डॉ दिवाकर पटेल, डॉ प्रेमलता नीलम, सुमन चढ़ार, सचिव अभिषेक जैन, कोषाध्यक्ष आशीष रजक, अनुज अरोरा, सिकंदर खरारे, दाम्मू रजक एवं ब्लड बैंक स्टाफ उषा यादव, प्रीति गुप्ता, सौरभ खरे, जीतेंद्र रैकवार संजय प्यासी आदि की उपस्थिति रहीं।

## महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर वारह ज्योर्तिलिंगम की स्थापना की गई

**दमोह।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविधालय जटाशंकर धाम दमोह के द्वारा सेवा केन्द्र के गोल्डन जब्ली समारोह पर सेवा केन्द्र में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर वारह ज्योर्तिलिंगम की स्थापना शनिवार को की गई है, अब स्नेही भक्तजन वारह तीर्थो का आनंद एक ही स्थान पर ले सकेंगे, ये द्वादश स्थापना भगवान शिव परमात्मा के अवतरण के कर्तव्य वाचक व गुण वाचक नाम है, आज सुबह 9 बजे शिव ध्वजा रोहण के वाद द्वादश मंदिरो का उद्घाटन कार्यक्रम हुआ शिव आरती की गई एवं महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक यथार्थ रहस्य पर प्रकाश डाला गया, अतिथियों का सम्मान एवं उद्बोधन भी रहा, कार्यक्रम का विशेष आकर्षण द्वादश भोलेनाथ की मूर्तियों को वारह कारो पर विराजित कर शहर में शोभा कलश यात्रा निकाली गई शहर के हजारो लोगों ने दर्शन लाभ लिया एवं पूजन किया, वीडियों बनायें शिव के जय-जय कारो से शहर गूंज गया दोपहर यात्रा वापिस जटाशंकर धाम में समाप्त हुई, और जिसमें पुलिस की उत्तम व्यवस्था के कारण शोभा यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न हुई।

# दक्षिण वन मण्डल अधिकारी व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जिन्होंने अनुभूति के कार्यक्रम में असली पन्ना के हीरों को सम्मान से नवाजते हुये दूसरों के लिये दी प्रेरणा







पन्ना जो रतनगर्भा धरती जिसमें जौहरी ही असली हीरों को पहचानकर दूसरों के लिये प्रेरणाश्रोत का कार्य करने को लेकर जाने गये अनुभूति कार्यक्रम जंगल से जहां प्रकृति का परिचय के साथ-साथ भावी भविष्य को दिषा देने के लिये भी प्रेरणादायी

**पन्ना।**

अनुभूति कार्यक्रम के तहत जहां दक्षिण वन मण्डल अधिकारी पन्ना की सोच जैसा नाम वैसी कार्यप्रणाली को लेकर अनुपम सोच सामने आई। पन्ना वैसे भी रतनगर्भा धरती है जहां हीरा पाया जाता है पर पन्ना जिले के असली हीरों की पहचान भावी भविष्य को संवारने के लिये प्रेरणादेने का कार्य जोहरी के रूप में जहां दक्षिण वन मण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा की सोच वहीं विचारों का ताल-मेल षिक्षा में रूचि तथा षिक्षा के क्षेत्र में सतत विकास की दिषा देने वाले जो पन्ना जिले के 22 विभागों को दिषा देते हुये मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी जिनके आते ही कहीं न कहीं प्रगति पथ पर जमीनी हकीकत को पहचानकर आयाम तय करने को लेकर जाना गया। वहीं अनुभूति कार्यक्रम जिसमें वनों से हमारी भविष्य की पीढी को अवगत कराना वहीं वनों से हमारा जीवन किस तरह से जुड़ा है व वन हमारे लिये क्यों जरूरी है जागरूकता के साथ-साथ अनुभूति कार्यक्रम में पहली बार जिले में एक सोच निकलकर आई जो विभिन्न क्षेत्रों में सफल मुकाम तय करने वाले पन्ना के असली हीरों को जिन्हें जोहरी के रूप में जानते हुये वहीं उनके व्यक्तित्व को भावी पीढी से अवगत कराते हुये मंच से सम्मान के साथ नवाजे जाने के साथ-साथ हमारे भविष्य की पीढी को प्रेरणा देने का कार्य जो किया गया है यह पन्ना की धरती वास्तव में हीरों की खदान के लिये कार्य करेगी ऐसा इस अनुभूति कार्यक्रम के माध्यम से आगे आने वाले समय में यह प्रेरणा शायद दिषा देने का कार्य करेगी। पन्ना के असली हीरे अनुभूति षिविर अंतर्गत जिसमें प्रयांषु पाण्डेय जिनका उप पुलिस अधीक्षक डीएसपी के रूप में 2024 में सफलता का मुकाम हासिल करने को लेकर जाना गया इन्हें अनुभूति षिविर रैपुरा रेंज में सम्मान से नवाजा गया जो छात्र-छात्राओं के लिये प्रेरणाश्रोत बने वहीं आगे की कड़ी में संतोष पटेल उप पुलिस अधीक्षक डीएसपी के पद पर जिन्हें 2016 में सफलता मिली थी इन्हें अनुभूति षिविर कल्दा रेंज में 10 जनवरी 2026 को आमंत्रित करते हुये छात्र-छात्राओं के लिये इनके सम्मान के साथ इनकी अवधारणा से अवगत कराया गया। इसी तरह डॉ0 अजय प्रताप सिंह एमबीबीएस में सफलता के मुकाम को लेकर जिन्हें जाना गया इन्हें अनुभूति षिविर कल्दा रेंज में ही इनकी सफलता व मुकाम को लेकर छात्र-छात्राओं को प्रेरणा के श्रोत के रूप में दिषा देने का कार्य किया गया। इतना ही नहीं विगत वर्ष कक्षा 10वीं में म0प्र0 राज्य मैरिट सूची में नौवा स्थान हासिल करने वाली कु0 ओसी जैन जो हमारे जिले के जाने माने चिकित्सक डॉ0 अभिषेक जैन की पुत्री है जिन्हें माता-पिता से बेहतर संस्कार तो मिले ही वहीं सफलता का मुकाम उनकी मेहनत व षिक्षा की लगन से जो जाना गया। इन्हें अनुभूति षिविर कल्दा में छात्र-छात्राओं के लिये प्रेरणा स्वरूप दिषा तो देने में जो कार्य किया गया वहीं इन्हें सम्मान से जो नवाजा गया जिससे हमारी भावी पीढी की सोच कहीं न कहीं एक अच्छी दिषा सफलता के लिये तय करने को लेकर अग्रसर होगी। इसी तरह गार्गी पटेल जिन्हें कक्षा 10वीं में जिले की मैरिट सूची में स्थान मिला इन्हें भी अनुभूति षिविर कल्दा रेंज में आमंत्रित कर जहां सम्मान से नवाजा गया वहीं छात्र-छात्राओं के लिये उदाहरण साबित हुई। विवेक कुषवाहा जिन्हें की मैरिट सूची में कक्षा 10वीं में सफलता हासिल हुई इनके अनुभव अनुभूति षिविर सलेहा रेंज में छात्र-छात्राओं के लिये जहां इनके सम्मान के साथ इनकी सोच व इनकी मेहनत व लगन से जो इन्हें मुकाम मिला है वह दूसरों के लिये भी प्रेरणाश्रोत बने। इतना ही नहीं 10वीं कक्षा की राज्य मैरिट सूची में 10वां स्थान हासिल करने वाले शौरभ कुषवाहा भी अनुभूति षिविर सलेहा रेंज में जिन्हें आमंत्रित करते हुये सम्मान से नवाजा गया वहीं इनकी सफलता से ही छात्र-छात्राओं को स्वयं सफलता की दिषा साबित करने के लिये जो मार्ग प्रसस्त्र हुआ वह कहीं न कहीं अनुभूति के माध्यम से वनों की जानकारी के साथ-साथ जीवन में सफलता पाने के लिये किस तरह से अपनी चमक बिखरने को लेकर मुकाम तय करना होता है। पन्ना के असली हीरों से रूबरू होकर उनकी चमक व सम्मान से हमारी भावी पीढी जो भविष्य के संवारने के साथ-साथ देष को आगे बढाने के लिये जिन्हें जाना जायेगा इन्हीं में से हमारी रतनगर्भा धरती पन्ना जिले से इस हीरा रूपी खदान से और भी हीरे असली आगे निकलकर सफलता रूपी मुकाम हासिल करते हुये अपनी चमक बिखेरेंगे जिनका नाम स्वयं तो प्रकाष रूपी पुंज से जाना जायेगा साथ ही उनके माता-पिता व हमारे जिले का नाम भी गौरान्वित होगा। जिनका जीवन हमारे देष को आगे बढाने के लिये सफल आयाम तय करेगा। यहां अनुभूति कार्यक्रम से जो इस बार दिषा तय की गई वह वास्तव में वनों की सुरक्षा साथ-साथ वन हमारे जीवन के लिये जरूरी है उसके साथ-साथ उन्हें षिक्षा के क्षेत्र में जो पन्ना के असली हीरों से राह मिल वह जीवन में तरासने का कार्य दिषा देने को लेकर जाना जायेगा। यह कार्य निष्चिततौर पर हीरों की पहवान जौहरी ही करते है वह साबित हुआ हमारे जिले के दक्षिण वन मण्डन अधिकारी की सोच साथ ही जिनका षिक्षा से लगाव षिक्षा के माध्यम से जिले को सफलता में छात्रों की मेहनत रंग लाये ऐसी सोच को जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी जिन्होंने छात्र.-छात्राओं का हौसला बढाया वहीं प्रकृति प्रेमी अजय चौरसिया जो युवाओं के लिये प्रेरणादायी संदेष देने में सतत तत्पर रहते है। निष्चिततौर पर अनुभूति कार्यक्रम जीवन के लिये वरदान साबित होगा।

## धूमधाम से मनाया मातृ-पितृ पूजन दिवस

**दमोह।** प्रतिवर्षानुसार 14 फरवरी को दमोह (मध्य प्रदेश) स्थित संत आशारामजी आश्रम में "मातृ-पितृ पूजन दिवस" बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। सामूहिक पूजनः आश्रम में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने अपने माता-पिता का विधिवत पूजन किया, उन्हें तिलक लगाया, माला पहनाई, प्रणाम किया, आरती कर और उनकी प्रदक्षिणा कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गले लगाकर सैकड़ों माता पिता बड़े ही भावुक हो गए इस पूजन को देखने वालों की भी आँखें नम हो गई संस्कारों का उत्सवः इस दिवस को पाश्चात्य संस्कृति (वैलेंटाइन डे) के विकल्प के रूप में भारतीय संस्कारों और पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया गया। समिति के सुंदरदास जी ने बताया कि यह पहल संत श्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से वर्ष 2006 में शुरू हुई थी, जो अब दमोह सहित देश-विदेश के कई आश्रमों और स्कूलों



में व्यापक रूप से मनाई जाती ळें संत श्री आशारामजी गुरुकुल, निताई पब्लिक स्कूल, आश्रम कॉलोनी,श्री झूलेलाल मंदिर,सिंधी कैम्प के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई प्रमुख रूप से विशेष सहयोग जिनका रहा उनके नाम है रामचंद्र पोपटानी, अशोक वासवानी,योगेश सोनी,राधेश्याम सोनी,डॉ ए एल रैकवार, ब्रजेश पटेल,आनंद पटेल, हरिदास पटेल, निर्मल त्रिवेदी, सुनील वासवानी,मनोज सेन मनोज चौबे, प्रकाश चंदानी, संतोष पटेल, आदि सभी का सहयोग रहा। कार्यक्रम में आए निताई ग्रुप के प्रमुख अमोल पटेल जी ने कहा आज जो यह पर्व बड़ी ही विशालता का रूप लेता जा

## पुलिस द्वारा रैपुरा थाना अंतर्गत दुष्कर्म के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी को 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**पन्ना।**

पन्ना पुलिस द्वारा महिला संबंधी गंभीर अपराध में त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही करते हुए आरोपी को मात्र 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। थाना रैपुरा क्षेत्रांतर्गत दिनांक 13/02/2026 को एक पीड़ति महिला द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी द्वारा उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया गया है। उक्त सूचना पर थाना रैपुरा में बी.एन.एस एवं एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत दुष्कर्म एवं अन्य धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर



तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। मामला महिला संबंधी एवं अत्यंत गंभीर प्रकृति का होने से पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री वंदना सिंह एवं एसडीओपी पवई श्रीमती भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रैपुरा उप निरीक्षक स्मिता सिंह बघेल को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

## राज्यमंत्री ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया लोकार्पण



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

जब भी किसी क्षेत्र में विकास होता है तो उसका सीधा लाभ आमजन को मिलता है। पूर्व की स्थिति को समझे बिना वर्तमान की प्रगति का अंतर समझ में नहीं आता। हर जिले में लहलहाती फसलें, बढ़ते सिंचाई संसाधन और पक्के मकान प्रदेश के विकास की गवाही दे रहे है। पिछले 20-22 वर्षों में मध्यप्रदेश ने तीव्र गति से प्रगति की है और प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने ग्राम खोजाखेड़ी में 65 लाख की लागत से नवनिर्मित उप-स्वास्थ्य केंद्र लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किये। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा विधायक, मंत्री बनना तभी सार्थक है जब क्षेत्र की जनता को सुख मिले और विकास दिखाई दे। उन्होने कहा यदि मैं अपने क्षेत्र के प्रत्येक गांव और हर खेत तक पानी नहीं पहुंचा पाया, तो मेरा मंत्री या विधायक बनना सार्थक नहीं है। उन्होने कहा क्षेत्र में लक्ष्य वर्ष 2028 तक 1 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके आगे का उद्देश्य "हर खेत तक पानी" पहुंचाना है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार किसी भी कीमत पर यह लक्ष्य हासिल करेगी, ताकि किसान समृद्ध हों और प्रदेश आत्मनिर्भर बने। राज्यमंत्री श्री पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मुख्यमंत्री की किसान हितैषी घोषणाओं से अत्यंत प्रसन्न एवं अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि दमोह जिले के विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की गई घोषणाएं ऐतिहासिक हैं और इनसे क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होने बताया मुख्यमंत्री द्वारा घोषित दुनय धाम योजना लगभग 400 से 500 करोड़ रुपये की लागत की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के माध्यम से क्षेत्र के 25 से 30 गांवों में प्रेशराइज्ड पाइपलाइन के जरिए सिंचाई का पानी पहुंचाया जाएगा। इससे किसानों को पर्याप्त जल उपलब्ध होगा और खेती की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे, जनपद अध्यक्ष पथरिया खिलान अहिरवार, नगर परिषद् अध्यक्ष सुन्दर लाल विश्वकर्मा, महेश पटेल, श्याम गर्ग, पँडित नरेंद्र व्यास, पूर्व मंडी अध्यक्ष खरगराम पटेल, खौजाखेडी सरपंच श्याम पटेल, केदार चौधरी, मान चौधरी, गणेश पटेल एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारी डॉ. पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, फार्मासिस्ट ओमकार पटेल, सी.एच.ओ. शीबा लाल मसीह, ए.एन.एम. संगीता सेन,

## दद्दा कला मंच पर हुई जोरदार भजन संध्या



**हटा।** गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में आयोजित दस दिवसीय श्री श्री 1008 श्री अतिरुद्र महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के दौरान शनिवार को महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर दद्दा कला मंच पर बुंदेलखंड के प्रसिद्ध भजन गायको द्वारा जोरदार भजनों की प्रस्तुति दी जिससे कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत कलाकारों द्वारा श्रीगणेश वंदना के साथ की गई इसके उपरांत डब्बू ठाकुर द्वारा मोरे घर भोला आ गए, वर्षा यादव द्वारा काली काली अमावस की रात में एवं भूपेंद्र सेनी और यूट्यूबर पेपर क्यूंन ने अपने अपने अंदाज में एक से बढ़कर एक शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई जिसे सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। भजन संध्या कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला पुरुष बच्चों की उपस्थिति रही।

## खबर का असरः राशन दुकानों में वितरण शुरू

**हिण्डोरिया।** नगर सहित जिले भर मे शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर मिलने वाली राशन सामग्री का शनिवार से विधिवत वितरण शुरु हो गया है। इस बारे मे जनसंगठन एकता परिषद के जिला अध्यक्ष सुजात खान ने बताया कि नगर सहित पूरे जिले में सर्वर डाउन होने की समस्या के चलते लगभग डेढ़ सप्ताह से राशन सामग्री का वितरण रुका हुआ था। इस कारण शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर निर्भर जिले के गरीब उपभोक्ता बेहद परेशान थे। उन्हें अपने परिवार की उदर पूर्ति के लिए ना चाहकर भी मजबूरन बाजार से औने- पौने दामों में खाद्य सामग्री खरीदना पड़ रही थी। जबकि राशन दुकानों में पर्याप्त मात्रा में समय पर राशन सामग्री वितरण के लिए उपलब्ध थी। लेकिन सर्वर डाउन की समस्या के चलते राशन दुकानों के संचालक यह सामग्री वितरित नहीं कर पा रहे थे। शनिवार से सर्वर डाउन की समस्या दूर होते ही राशन दुकानों में गेंहू- चावल आदि सामग्री का वितरण शुरू कर दिया गया है। इससे गरीब उपभोक्ता में हर्ष व्याप्त है। श्री खान ने दमोह जिले के सभी मीडिया मित्रों को इस समस्या को अखबारों में प्रकाशित करने एवं समस्या निदान कराने पर आभार व्यक्त किया है।

## रुक्मिणी विवाह प्रसंग में भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

### महाशिवरात्रि तक चल रहे अतिरुद्र महायज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ी

**आस्था।** विगत 05 फरवरी से 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व तक उपकाशी नगर हटा के दूल्हा भेषधारी देवश्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में आयोजित अतिरुद्र महायज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन भक्तिरस की अविरल धारा बहती रही। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में तांता लगा रहा और पूरा परिसर "हर-हर महादेव" एवं "राधे-राधे" के जयघोष से गूंजता रहा। शाम 4 बजे से दद्दा कला मंच से कथा व्यास पं. डॉ. अनिल शास्त्री जी ने छठवें दिन श्रीमद्भागवत के अत्यंत मार्मिक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति, समर्पण और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। वही कथा के अत्यंत पावन रुक्मिणी विवाह प्रसंग का विस्तारपूर्वक एवं भावपूर्ण वर्णन किया। व्यासपीठ से पं. डॉ. अनिल शास्त्री जी ने बताया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी ने भगवान श्रीकृष्ण को ही अपना पति मान लिया था। उन्होंने भगवान को पत्र लिखकर अपने हृदय की व्यथा प्रकट की और उनसे विवाह करने का आग्रह किया। कथा में वर्णन किया गया कि किस प्रकार भगवान श्रीकृष्ण ने रुक्मी और अन्य राजाओं के विरोध के बावजूद रुक्मिणी का हरण कर धर्म पूर्वक विवाह संपन्न किया।उन्होंने कहा कि रुक्मिणी का अटूट विश्वास, समर्पण और निष्काम प्रेम ही उन्हें भगवान की अर्धांगिनी बनने का अधिकारी बनाता है। यह प्रसंग सिखाता है कि सच्ची भक्ति में दृढ़ निश्चय और पूर्ण विश्वास आवश्यक है। कथा के दौरान विवाह प्रसंग का सजीव चित्रण किया गया, रूक्मणी विवाह के अवसर पर स्थानीय इंद्रप्रस्थ स्कूल की छात्राओं ने रुक्मिणी विवाह की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। पारंपरिक वेशभूषा में सजी छात्राओं ने नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से विवाह प्रसंग को जीवंत कर दिया। उनकी भाव-भंगिमाओं, ताल-लय और मंच सज्जा ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जब भगवान श्रीकृष्ण के रूप में सजे बाल कलाकार और रुक्मिणी स्वरूप छात्रा मंच पर पहुंचे, तो श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का जयघोष किया। विवाह गीतों और मंगल ध्वनियों के बीच प्रस्तुत की गई यह झांकी कथा का मुख्य आकर्षण बन गई। दद्दा कला मंच पर दी गई यह प्रस्तुतियां ऐतिहासिक आकर्षण का केंद्र बन गई। जिससे पूरा पंडाल विवाहोत्सव के उल्लास से भर उठा। इस दौरान हटा विधायक उमादेवी लालचंद खटीक, आयोजन के सूत्र धार कु. पुष्पेंद्र सिंह हजारी, रामकुमार असाटी, यज्ञ समिति अध्यक्ष कु अनुराग वर्धन सिंह हजारी, विश्व हिंदू परिषद अजय खत्री, शिवजीत परमार पन्ना, अमर जीत सिंह परमार पन्ना, अधिवक्ता कमलेश भारद्वाज, पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि धर्मेंद्र कटारे, सहित आयोजन समिति के समस्त सदस्यों एवं नगर हटा के वरिष्ठ गणमान्य जनों के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए। वही हटा पुलिस टी आई सुधीर कुमार बेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम भी मेले एवं आयोजन की व्यवस्था बनाए रखने आयोजन समिति के साथ तैनात रही।

## बुन्देलखण्ड फ़ल्मि फेडरेशन टीम को संस्कृति मंत्री ने किया सम्मानित



**दमोह।** बुन्देलखण्ड क्षेत्र में स्थानीय फिल्मकारों एवं कलाकारों को मंच प्रदान करने और बुन्देलखण्ड क्षेत्र में फिल्मों के निर्माण एवं पर्यटन को बाढ़वा दीनें के उद्देश्य को लेकर कार्य करने वाली संस्था बुन्देलखण्ड फ़ल्मि फेडरेशन बुन्देलखण्ड कला संस्कृति मंच द्वारा बीते दिनों दमोह जिले में हुए बुन्देलखण्ड फ़ल्मि फेस्टिवल का सफल आयोजन हुआ था जिसके चलते सफल फ़ल्मि फेस्टिवल की आयोजन समिति बुन्देलखण्ड फ़ल्मि फेडरेशन की टीम का नोहटा महोत्सव में मध्यप्रदेश सरकार के

## पुलिस पर पथराव मामले में 15 पर मामला दर्ज

**स्लीमनाबाद।** थाना स्लीमनाबाद अंतर्गत बंधी रेलवे गेट पर गुरुवार रात हाईवा की टक्कर से बाईक सवार 2 लोगों की मौत के बाद आक्रोशित भीड़ द्वारा पुलिस वाहन पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त करने के मामले मै पुलिस ने करीब 15 अज्ञात व्यक्तियों पर मामला दर्ज किया है। साथ ही वायरल वीडियो में जो व्यक्ति पथराव करते देखे जा रहे है उनको पुलिस द्वारा उनको पकडकर स्लीमनाबाद थाना ले आ गया है ओर उनसे पूछताछ कर इस पथराव घटना में शामिल अन्य लोगो के बारे में पूछताछ की गईं!इस मामले मै अभी तक पुलिस ने 8 से 10 लोगों का पकडकर स्लीमनाबाद थाना लें आई है। गौरतलब है कि उक्त घटना मै पायलट विजय पांडेय व सैनिक राजकुमार परौहा घायल हुए थे। स्लीमनाबाद पुलिस ने दीपक यादव पिता मुरारी लाल यादव 38 वर्ष निवासी स्लीमनाबाद की शिकायत पर 10 से 15 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 296 बी, 351(3), 121(1), 125ए, 132, 191(2), 191(3), 190, 324(4) के तहत अपराध क्रमांक 89/26 दर्ज किया गया। गौरतलब है कि गुरुवार की रात 8 बजे बंधी धरवारा रेलवे गेट हाइवा क्रमांक pb 10 hn 2438 बाइक सवार धरवारा निवासी राजा भैया कोल व राजेन्द्र कोल को टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौत हो गईं। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मौक़े पर पहुंची पुलिस के 112 वाहन पर पथराव कर दिया था।

## सबसे बड़ा धर्म माता-पिता की सेवा : पं. ऋषिकांत गर्ग

**बनवार।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर खेर माता मंदिर प्रांगण, घटेरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन वातावरण भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। कथा व्यास बालव्यास पं. ऋषिकांत गर्ग ने भगवान श्रीकृष्ण–रुक्मिणी विवाह का प्रसंग अत्यंत भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया और युवाओं व बच्चों को माता-पिता की सेवा को जीवन का सर्वोच्च धर्म बताया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि "सारे तीर्थों का फल माता-पिता के आशीर्वाद में समाहित है। उन्होंने परिवार में प्रेम, सम्मान और सेवा की भावना को समाज की सुदृढ़ नींव बताया तथा बहुओं से सास-ससुर की सेवा का आग्रह किया। कथा में बताया गया कि विदर्भ देश की राजकुमारी रुक्मिणी, जो साक्षात लक्ष्मी स्वरूपा मानी गई हैं, ने देवर्षि नारद से भगवान श्रीकृष्ण के गुण, रूप और पराक्रम का वर्णन सुनकर मन ही मन उन्हें पति रूप में वरण करने का संकल्प लिया। जब उनके भ्राता रुक्मी ने शिशुपाल से विवाह का निर्णय लिया, तब रुक्मिणी ने एक ब्राह्मण संदेशवाहक के माध्यम से श्रीकृष्ण को संदेश भेजा। इसके पश्चात श्रीकृष्ण कुंडीनपुर पहुंचे और उपस्थित राजाओं को परास्त कर रुक्मिणी का हरण कर द्वारिका ले गए, जहां विधिवत विवाह संपन्न हुआ।

## खबर संक्षेप



### नकदी सहित जेवरात लेकर चंपत हुए चोर

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खन्ना छैघरा में बीती रात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया है। चोरों ने घर से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी सहित कुल 80 हजार रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया है। जानकारी के अनुसार 13 फरवरी की दरम्यानी रात करीब 1 से 3 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया। बलरामदास पटेल 56 वर्ष निवासी ग्राम खन्ना बंजारी ने शिकायत दर्ज कराई है कि अज्ञात व्यक्तियों ने उनके घर में प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने घर के अंदर रखे सोने एवं चांदी के कीमती जेवरात, 10 हजार रुपये नकद सहित लगभग 80 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया। बरही पुलिस ने मामला पंजीबद्ध करते हुए अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और क्षेत्र में संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

### नेशनल लोक अदालत को लेकर आयोजित हुई बैठक

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु आज 12 को जिला न्यायालय कटनी के कॉफेंस हॉल में समय दोपहर 2 बजे से अनुज कुमार मित्तल विशेष न्यायाधीश एवं एस0पी0एस0 बुंदेला जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी से मनीष गौतम, यूनाइटेड इंश्सोरेंस कंपनी से इच्छा दीक्षित, मैग्मा इंश्सोरेंस कंपनी से सुमित अग्रवाल, इफाको टोकियो इंश्सोरेंस कंपनी से अमित दुबे एवं आई0सी0आई0सी0आई0 इंश्सोरेंस कंपनी से मयूर सोनी बीमा कंपनी के अधिकारीगण व्ही0सी0 के माध्यम से उपस्थित रहें एवं बीमा कंपनी के अधिवक्तागण एवं क्लेमेंट अधिवक्तागण उपस्थित रहे। अनुज कुमार मित्तल विशेष न्यायाधीश एवं एस0पी0एस0 बुंदेला जिला न्यायाधीश के द्वारा बीमा कंपनी के अधिकारियों से वन टू वन चर्चा की गयी एवं न्यायालय में लंबित मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणो के अधिक से अधिक निराकरण कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, एवं बीमा कंपनी के अधिकारीगण द्वारा अधिक से अधिक संख्या में क्लेम प्रकरणों के निराकरण कराये जाने का अश्वासन दिया।

### गोपालपुर में श्री मद भागवत कथा आज से

**सिलौंडी।** गोपालपुर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रीमद भागवत कथा का आयोजन 15 फरवरी से विशाल शोभायात्रा के साथ शुरू होगा ।आयोजन समिति के मोहन बागरी ,प्रवीण तिवारी ने बताया पिछले 29 सालों से लगातार गोपालपुर में श्री मद भागवत कथा का आयोजन होता है जिसमें पूरा क्षेत्र बड़ी संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ लेता है कथा का वाचन ब्रजकृष्ण शास्त्री वृंदावन वाले महाराज से मुखरविन्द से होगा ।

### मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चला फॉगिंग अभियान

**कटनी।** मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर पालिक निगम कटनी द्वारा सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही लगातार फागिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस हेतु प्रत्येक जोन के अलग-अलग वार्डो के मुख्य एवं अन्य मार्गों में ई रिक्शा के माध्यम से फागिंग मशीन से रासायनिक धुएं का छिड़काव कार्य अनवरत जारी है। स्वास्थ्य विभाग का विशेष दस्ता निर्धारित कैलेंडर अनुसार शुक्रवार शाम चार वार्डो मदन मोहन चौबे वार्ड, वंशस्वरूप वार्ड, सीएलपी वार्ड एवं राम निवास सिंह वार्ड के विभिन्न मार्गों, गलियों एवं बस्तियों में पहुंचकर फागिंग कराई गई।

मजिस्ट्रीयल जांच शुरू, 2 जज कर रहे जांच, पीएम में दोषी पाए जाने पर होगी कार्यवाही के आश्वासन पर खुला

# परिजनों द्वारा दोषियों पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग, एसपी ने 2 आरक्षकों को किया निलंबित

**परिजनों का आरोप : दिनभर पुलिस कर्मियों द्वारा राजेश की निर्मम पिटाई की गई, जिससे शाम को राजेश पटेल ने दम तोड़ दिया, तो वहीं पुलिस ने घटना को आत्महत्या का रूप देने फांसी लगाना बता दिया गया, जांच का विषय**

छतरपुर/ राजनगर

में बीते रोज उस समय हड़कंप मच गया। जब सुबह पकड़े गए राजेश पटेल पुत्र किशोरी पटेल उम्र 22 वर्ष निवासी इमलिया ने थाने में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने 2 पुलिसकर्मियों पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाया और घटना दिनांक की रात को थाने के सामने जमकर प्रदर्शन होता रहा। घटना की खबर लगते ही पुलिस अधीक्षक अगम जैन थाने पहुंचे थे और एफएसल टीम को बुलाकर जांच पड़ताल शुरू कराई थी, तो वही 2 मजिस्ट्रेटों की टीम राजनगर थाना पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जांच पड़ताल शुरू की। मृतक के परिजनो को बुलाकर उनके भी बयान मजिस्ट्रेट के सामने कराए गए। लेकिन परिजनो का आरोप था कि थाने के 2 आरक्षक संजय सिंह और शिवकुमार पाल गांव जाकर राजेश पटेल को पकड़ कर लाए थे और 50 हजार रूपए छोडने के एवज में मांग कर रहे थे। पूरे दिन उसकी निर्मम पिटाई की गई जिससे शाम को राजेश पटेल ने दम तोड़ दिया और घटना को आत्महत्या का रूप देने फांसी लगाना बता दिया गया।



यह है पुलिसकर्मियों की देश भक्ति-जन सेवा

### मौके पर पहुंचे एसपी ने संजय सिंह एवं शिवकुमार पाल तत्काल किया निलंबित -

जब पीड़ित परिजनो ने यह आरोप लगाए कि संजय सिंह और शिवकुमार पाल नामक आरक्षक 50 हजार रूपए की मांग कर रहे थे वह दिन भर 50 हजार रूपए की व्यवस्था करने में लगे रहे। लेकिन शाम को राजेश पटेल की मौत की खबर मिली इस आरोप पर पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने आरक्षक संजय सिंह और शिवकुमार पाल को निलंबित कर दिया। क्योंकि आमजन मानस द्वारा खुलेआम यह आरोप लगाए जा रहे थे कि यह दोनो आरक्षक खुलेआम बसूली करते है, और लम्बे समय से बिवादों में है। इस कारण पुलिस अधीक्षक को इन दोनो आरक्षकों को निलंबित करना पड़ा। लेकिन इस मामले में थाना प्रभारी पर कोई कार्यवाही नही की गई है जबकि पूर्ण जबावदारी थाना प्रभारी की होती है, तो वहीं थाना प्रभारी को छुट्टी पर जाने का बताया जा रहा है।

### सुबह से परिजनों, संगठन द्वारा लगाया गया जाम शाम को मजिस्ट्रेट के आश्वासन पर खुला -

मृतक राजेश पटेल की मौत पुलिस हिरासत में होने से गुस्साए परिजनों ने राजनगर थाना के सामने रविवार की सुबह से ही चक्काजाम कर दिया था। मामला बढते देख कर थाना राजनगर में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। और परिजनों को थाने के अंदर जाने से रोका गया तथा उन्हें यह भी समझाईस दी गई कि चक्काजाम खत्म करो अन्यथा तैयार रहो। तब ग्रामीणों ने भी जबाव में कहा कि हम तैयार है और कई बार पुलिस के साथ बहस व तीखी नोकझोंक भी हुई। पूरे दिन चले चक्काजाम के बाद जब पुलिस की समझाईस पर पीड़ित के परिजन नहीं माने, तो फिर मजिस्ट्रेट को मोर्चा संभालना पड़ा और मजिस्ट्रेट ने पीड़ित परिजनों को आश्वासन दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरूद्व कार्यवाही की जाएगी। मजिस्ट्रेट के इस आश्वासन पर परिजनों ने चक्काजाम खत्म किया।यह घटना उस समय हुई जब पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन बागेश्वर धाम के सामूहिक कन्या विवाह की तैयारियों में व्यस्त था लेकिन इसी बीच थाने में हुई इस घटना ने पुलिस प्रशासन को हैरान कर दिया। बागेश्वर धाम की व्यवस्थाओं को छोड़कर पुलिस प्रशासन को राजनगर थाना पहुंचकर मोर्चा संभालना पड़ा और भारी पुलिस बल भी बुलाना पड़ा। पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल के बाहर भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा।

### जिले के ज्यादातर थाने में सक्रिय है पुलिस कर्मियों की वसूली गैंग, जिसमें कहीं ना कहीं संबंधित थाना प्रभारी का संरक्षण रहता है -

राजनगर थाना की तरह जिले के ज्यादातर थाने में एक वसूली गैंग पुलिसकर्मियों की सक्रिय है, जो अपराधियों से वसूली करती है और वसूली की मांग पूरी न होने पर उन्हें प्रताड़ित करती है। जिसमें कहीं ना कहीं संबंधित थाना प्रभारी का भी इन पुलिस कर्मियों के ऊपर खुला संरक्षण होता है, समय रहते अगर पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान में नहीं लिया तो कहीं और भी घटना हो सकती है। राजनगर थाना तो एक उदाहरण बन गया। और अन्य थाने भी इसी तरह भविष्य में उदाहरण न बन जाएं। इसलिए ईमानदार पुलिस कप्तान को इस बात की ओर ध्यान देना चाहिए कि जो पुलिसकर्मी थानों में वसूली में लिप्त हैं। उन पर सख्त कार्यवाही की जाए, क्योंकि ऐसे पुलिसकर्मी ही पुलिस प्रशासन की शाख को बट्टा लगा रहे हैं। अगर राजनगर थाने के यह दोनों आरक्षक राजेश पटेल के परिजनों से 50 हजार की मांग नहीं करते तो शायद पुलिस प्रशासन पर इस तरह के आरोप नही लगते और न ही पुलिस की इतनी छवि खराब होती।

### इनका कहना है -

अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि घटना के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी।

**अरविंद पटैरिया**
राजनगर, विधायक

# महाशिवरात्रि पर शिवमय हुआ छतरपुर दूधनाथ मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



**छतरपुर। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के प्राचीन दूधनाथ मंदिर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्थानीय मोहल्लावासियों द्वारा जीर्णोद्धार और शिवलिंग की पुनरुथापना के बाद यह मंदिर शहर की प्रमुख आस्था स्थली बन चुका है। यहां धार्मिक गतिविधियां निरंतर बढ़ रही हैं और महाशिवरात्रि पर भव्य आयोजन होते हैं।**

मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से फूलों, लाइटों और रंग-बिरंगे सजावट से सजाया गया था। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं, जो भगवान शिव के दर्शन के लिए उत्सुक थे। भक्तों ने शिवलिंग पर दूध, बेलपत्र, जल और अन्य सामग्री अर्पित कर सुख-समृद्धि तथा मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और हवन का आयोजन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और दिव्य हो उठा। शाम को महाआरती के साथ विशाल भंडारा और 56 भोग का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और एक-दूसरे के साथ भक्ति भाव साझा किया।

मोहल्लावासियों ने बताया कि मंदिर के पुनर्निर्माण के बाद से हर वर्ष महाशिवरात्रि पर ऐसे भव्य आयोजन होने लगे हैं। इससे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह, एकता और सामाजिक सद्भाव का सुंदर वातावरण बनता है। शहर के मध्य में स्थित यह मंदिर अब स्थानीय लोगों के लिए आस्था और विश्वास का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

# तेज रफ्तार बोलेरो ने टैक्सी को मारी जोरदार टक्कर

**एक ही परिवार के 9 सदस्य गंभीर रूप से घायल**

छतरपुर

सिमरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सलैया के पास शुक्रवार शाम करीब 8 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। ग्राम बम्हौरी निवासी एक ही परिवार के नौ लोग टैक्सी से बागेश्वर धाम में कन्या विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो कार ने उनकी टैक्सी को जोरदार टक्कर मार दी।



हादसे में परिवार की कुसुम बाई पटेल (40), फुला बाई पटेल (42), आशा पटेल (18), सत्यवान पटेल (18), लवकुश पटेल (17), नामी बाई पटेल (35), कमलेश पटेल (37), अंकुश पटेल (10), अनुराग पटेल (3) घायल हुए हैं। घायल युवती आशा पटेल ने घटना का जिक्र करते हुए बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैक्सी में सवार सभी लोग बुरी तरह से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर तौसीफ ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया है। जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है, लेकिन खतरा फिलहाल टल गया है।

**युवक से की गई लाठी-डंडों से मारपीट, मोटरसाइकिल तोड़ी, मोबाइल**

# दुकान पर टायर के दाम को लेकर विवाद

छतरपुर।

महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिकौरा में एक दुकान पर सामान खरीदने के दौरान हुए विवाद में युवक के साथ जमकर मारपीट की घटना सामने आई है। घायल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे जिला अस्पताल छतरपुर के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना के अनुसार, ग्राम बिकौरा निवासी नरेश पटेल (26 वर्ष), पुत्र महादेवदीन पटेल, कल शाम करीब 5:30 बजे जीतू पटेल की किराना दुकान पर सामान लेने पहुंचे थे। सामान खरीदने के बाद उन्होंने वहीं से मोटरसाइकिल का टायर भी खरीदा। टायर के दाम को लेकर दुकानदार जीतेन्द्र पटेल (उर्फ जीतू पटेल) और प्रिंस पटेल से विवाद हो गया। विवाद बढने पर दोनों आरोपियों ने नरेश पटेल के साथ लाठी-डंडों, लात-घूंसे से बुरी तरह मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने युवक की मोटर साइकिल भी तोड़ दी और उसकी जेब से मोबाइल फोन भी छीन लिया। हमलावर मौके से फरार हो गए। मारपीट के बाद नरेश पटेल जमीन पर गिर पड़े। राहगीरों ने सूचना देकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और डायल 112 की मदद से घायल को महाराजपुर थाने ले गए, जहां प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पुलिस ने घायल का मेडिकल महाराजपुर अस्पताल में कराया, जहां उसकी हालत गंभीर देखकर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल छतरपुर में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर तौसीफ सिद्दीकी ने घायल को ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया। परिजनों ने आज दोपहर करीब 1:30 बजे अस्पताल में मीडिया को घटना की पूरी जानकारी दी।



# अनियंत्रित बाईक से गिरी बुजुर्ग महिला, मौत

**छतरपुर।** छतरपुर जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला की पहचान हीरा बाई अहिरवार के रूप में हुई है, जो टीकमगढ़ जिले के बल्देवगढ़ थाना क्षेत्र के कनयपुर की निवासी थीं।




जानकारी के अनुसार हीरा बाई अहिरवार बाईक पर सवार होकर चौका के पास से गुजर रही थीं, जब दूसरी बाइक ने उनकी बाईक में कट मार दिया। इससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वे सड़क पर गिर पड़ीं। हादसे में बुजुर्ग महिला को गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही डायल 112 टीम ने मौके पर पहुंचकर उन्हें तत्काल छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है, जिसमें दूसरी बाइक के चालक की लापरवाही प्रमुख मानी जा रही है। परिजनों में शोक की लहर है।

# जमीन विवाद पर परिवार में मारपीट, तीन घायल

छतरपुर।

जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बदुआ गांव में जमीन विवाद को लेकर परिवार के सदस्यों के बीच आज सुबह भीषण मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़ित पक्ष के अनुसार हरकुअर कुशवाहा, अरविंद और बृजेंद्र पर परिवार के ही अन्य सदस्यों दिलीप कुशवाहा और मनोज कुशवाहा ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।



घटना की सूचना मिलते ही घायलों को निजी वाहन से तुरंत जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि हमला आज सुबह करीब 7 बजे हुआ, जिसमें गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले की जानकारी ले ली है और जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि लंबे समय से चल रहे जमीन के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में तनाव था, जो आज हिंसक झड़प में बदल गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि आरोपी और पीड़ित एक ही परिवार से संबंधित हैं, जिस कारण मामला और अधिक संवेदनशील हो गया है।

# धूमधाम से निकली भोलेनाथ की बारात, 31 फीट ऊंचा और 551 किलो का विंध्य का सबसे बड़ा त्रिशूल

## डिप्टी सीएम बने बाराती, पंचमठ धाम में रचाया गया शिव पार्वती का विवाह






**रीवा**। महाशिवरात्रि पर विशेष आकर्षण बाबा भोलेनाथ की बारात रही। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से भगवान भोलेनाथ कि बारात निकाली। पिछले लगभग 40 सालों से रीवा में शिव बारात निकाली जा रही है वही 20 वर्षों से भव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस बार 31 फीट ऊंचा और 551 किलो का विंध्य का सबसे बड़ा त्रिशूल आकर्षण का केंद्र रहा, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल भी इसमें शामिल हुए, विशाल त्रिशूल को नगर भ्रमण के बाद मानकेश्वर धाम मंदिर में स्थापित किया गया। शिव बारात आयोजन समिति के अध्यक्ष मनीष गुप्ता की अगुवाई में स्थानीय बैजू धर्मशाला से बाजे-गाजे के साथ ऐतिहासिक शिव बारात निकाली गई। इसमें शिव-पार्वती और महादेव के गणों के साथ घोड़ा-गाड़ी, अघोड़ी और भूत-प्रेत व अन्य आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। वहीं डीजे के धुन पर नाचते-गाते श्रद्धालु चल रहे थे। पंचमठा पहुंचने पर शिव-पार्वती विवाह के साथ विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जो देररात तक चलता रहा। शिव बारात एवं भंडारे में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। बता दे भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात बैजू धर्मशाला से निकली भोलेनाथ की बारात बैजू धर्मशाला से प्रारंभ होकर खन्ना चौराहा ,वेंकट रोड ,स्टैचू चौराहा , शिल्पी प्लाजा ,स्वागत भवन, प्रकाश चौराहा होते हुए पचमठा आश्रम पहुंची जहां शिव पार्वती का विवाह विधि विधान के साथ संपन्न हुआ साथ ही इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, भगवान भोलेनाथ की बारात में धर्म ध्वजा, शहनाई, नगरिया, घोड़ा बग्गी ,झंकार धमाल ,भोलेनाथ की पालकी ,राधा कृष्ण की रासलीला की झांकी, दुर्गा काली एवं मां चामुंडा देवी की झांकी , सुदामा की झांकी , शिव पार्वती की झांकी, गरबा ,नृत्य ,अघोरी आर्केस्ट्रा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहें। भगवान भोलेनाथ की बारात का 108 स्थान पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया बारात करीब 6 किलोमीटर लंबी रही जो रीवा के इतिहास में पहली बार ऐसी बारात निकाली है।शिव जी की बारात में धर्मध्वजा आगे-आगे चली। बरात में सहनाई, नगरिया, ढोल, नगाड़े जैसे पारंपारिक वद्यंत्रो से मधुर धुने बजाई गयी। बारात में घोड़ा, बग्घी विभिन्न भगवान की झाकियाँ सहित हजारों भक्तगण शामिल रहे। बारात के लिए पुलिस ने सुरक्षा और यातायात के विशेष प्रबंध किये। बारात का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। महिलाएं और बच्चे बने बारातीशिव बारात में भारी संख्या में महिलाएं, युवक- युवतियां और छोटे बच्चे शामिल हुए, बैंड- बाजा और घोड़ों के साथ शहर में बारात निकली गई, इस बारात में काफी संख्या में शिव भक्त मौजूद रहे,शिव के भक्तों का बारात में गजब का उत्साह रहा,बारात में नंदी भी दिखे और भक्त भूत-प्रेत की वेशभूषा में नजर आए. शिव बारात का जगह जगह स्वागत किया गया. इस अवसर पर जगह- जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया था। बता दे आयोजन समित की ओर से हर साल शिव बारात में कुछ न कुछ खास किया जाता है,5100 किलो खिचड़ी और विश्व के सबसे बड़े नगाड़े के बाद अब आयोजन समित द्वारा विंध्य का सबसे बड़ा त्रिशूल तैयार कराया गया है,यह त्रिशूल 31 फीट ऊंचा और 551 किलो वजन का है, जो लोहे की धातु से निर्मित है, यह त्रिशूल आस्था और कला का अद्भुत संगम है, इस बार शिव बारात में यह त्रिशूल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा,नगर भ्रमण के बाद पूरे विधि विधान और धूमधाम से इस त्रिशूल को रीवा को कोठी कंपाउंड स्थित मानकेश्वर धाम मंदिर में स्थापित किया गया। उप मुख्यमंत्री शिव जी की बारात में हुये शामिल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बैजूधर्मशाला पहुंचकर शिव जी की बारात में शामिल हुये। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर पूजा-अर्चना करके विन्ध्य क्षेत्र और पूरे प्रदेश की खुशहाली की कामना की तथा आमजनों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र में देश के सबसे प्राचीनतम शिव मंदिर स्थित हैं। रीवा में महामृत्युंजय मंदिर, देवतालाब शिव मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, गुढ़ में कष्टहरनाथ शिव मंदिर, बिरसिंहपुर में गैवीनाथ शिव मंदिर में हजारों भक्त प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक भजन पूजन करते हैं। भगवान शिव के आशीर्वाद से ही क्षेत्र का विकास हो रहा है। रीवा में शिव बारात आयोजन समिति पिछले कई वर्षों से महाशिवरात्रि पर भव्य शिव बारात का आयोजन कर रही है। हजारों लोगों का इसमें शामिल होना आयोजन की सफलता का प्रमाण है। भगवान शिव हम सब पर अपनी कृपा सदैव बनाये रखें। विभिन्न संगठनों ने किया बारात का स्वागतभोलेबाबा की बरात का गोलपार्क व्यापारी संघ, चित्रांश परिवार, पुरवार समाज, साक्षी ज्वेलर्स, दीपकाम्पलेक्स व्यापारी संघ, श्रीझूलेलाल सेवा मण्डल, विन्ध्य व्यापारी संघ, केशवानी समाज, अग्रवाल समाज, नामदेव समाज, लखेरा समाज, फोर्ट रोड व्यापारी मण्डल, नारायणी सेना, ताम्रकार समाज, स्वर्णकार समाज, बाल्मीक समाज, सिगोते एवं नाहर समाज सहित कई सामाजिक संगठनों द्वारा जगह-जगह पर स्वागत कर, प्रसाद वितरण कर किया गया।

## खबर संक्षेप

### समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 मार्च तक

**रीवा**। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से शुरू हो गया है। पंजीयन 7 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति नियंत्रक कमलेश ताण्डेकर ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए प्रस्तावित सभी खरीदी केन्द्रों में किसान गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना ऑनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। बटाईदार एवं सिकमी किसानों के लिए भी ऑनलाइन पंजीयन की व्यवस्था की गयी है। भूमि स्वामी किसान एवं सिकमी किसान के मध्य 2 फरवरी 2026 से पहले वैधानिक अनुबंध होने पर ही सिकमी किसान को समर्थन मूल्य में पंजीयन का अवसर मिलेगा। केवल पंजीकृत किसानों को ही गेंहू उपार्जन का लाभ दिया जायेगा।

### डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना से उन्नत डेयरी स्थापित करने का अवसर

**रीवा**। शासन द्वारा दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाओं को लागू किया गया है। पशु चिकित्सा सेवायें विभाग द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना लागू की गई है। इस योजना के माध्यम से मध्यप्रदेश के मूल निवासी सभी वर्ग के पशुपालकों को उन्नत डेयरी स्थापित करने का अवसर दिया जा रहा है। इस संबंध में संयुक्त संचालक पशुपालन डॉ डीएस बघेल ने बताया कि डेयरी स्थापित करने के लिए हितग्राही के पास कम से कम 3.5 एकड़ स्वयं की भूमि होना आवश्यक है। एक हितग्राही अधिकतम आठ इकाईयाँ इस योजना से स्थापित कर सकता है। एक इकाई में गौवंशीय अथवा भैंस वंशीय 25 दुधारू पशु दिए जाते हैं। एक इकाई में सभी पशुओं का एक ही नस्ल का होना आवश्यक है। योजना का लाभ लेने के लिए पशुपालन विभाग की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एमपी डीएएच डॉट जीओभी डॉट इन पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। संयुक्त संचालक ने बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में एक हितग्राही एक आवेदन पर एक से अधिक डेयरी इकाईयाँ स्थापित कर सकता है। आवेदक को किसी भी बैंक का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। योजना में हितग्राही के रूप में चयन होने पर पशुपालक को निर्धारित शासकीय प्रशिक्षण संस्थान अथवा महाविद्यालय में पशुपालन का प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा। योजना की प्रत्येक इकाई के लिए देशी गाय की नस्ल में 36 लाख रुपए तथा शंकर गाय अथवा भैंस के लिए 42 लाख रुपए इकाई लागत निर्धारित की गई है। योजना में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को परियोजना लागत की 33 प्रतिशत राशि का अनुदान लाभ दिया जाएगा। अन्य श्रेणी के हितग्राहियों को 25 प्रतिशत अनुदान लाभ मिलेगा।

## महाशिवरात्रि में नगर निगम ने चलाया विशेष सफाई अभियान



**रीवा** । महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष अत्यंत भव्य एवं श्रद्धामय वातावरण में मनाया गया। शहरभर में आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शिव बारात निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया, जिससे पूरा शहर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिरों एवं प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शिव बारात के दौरान पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों ने भगवान शिव के विविध स्वरूपों की झांकियां प्रस्तुत कीं। ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के बीच निकली बारात ने शहरवासियों का मन मोह लिया। प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई शिव बारात का नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।पर्व के उपरांत शहर की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगर निगम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष सफाई अभियान संचालित किया। 15 फरवरी को निगम की स्वच्छता टीम द्वारा गुप्ता पेट्रोल पंप के सामने से लेकर कॉलेज चौराहा, शिल्पी प्लाजा, प्रकाश चौराहा, एसएएफ चौराहा, प्रकाश चौराहा से छोटी दरगाह, सुपर स्पेशलिटी मोड़ तथा अस्पताल चौराहा से धोबिया टंकी चौराहा, जय स्तंभ रोड और एसके स्कूल रोड तक व्यापक स्तर पर सफाई कार्य किया गया। महाशिवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के कारण विभिन्न स्थानों पर भंडारों के अवशेष, डिस्पोजल सामग्री, प्लास्टिक ग्लास-प्लेट एवं अन्य कचरा एकत्र हो गया था। इसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम की स्वच्छता टीम पूरी तरह सक्रिय और सतर्क रही। टेंपो एवं ट्रैक्टरों की सहायता से कचरे का त्वरित संकलन कर उसका समुचित निपटान सुनिश्चित किया गया। सफाई अभियान के अंतर्गत मुख्य सड़कों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों, चौक-चौराहों और फुटपाथों की भी विशेष रूप से सफाई की गई।

## महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब पूजा अर्चना कर मांगी सुख-समृद्धि




**रीवा**। शिव-पार्वती के विवाह के उत्सव का महापर्व महाशिवरात्रि जिले भर में हर्षोल्लास के मनाया गया। शिव मंदिरों में हजारों श्रद्धालु पहुंचे और महादेव की पूजा-अर्चना की। भक्तों ने महाभिषेक कर शिव और माता पार्वती से सुख-समृद्धि से आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं भक्तों की भारी संख्या को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट रहा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। इससे भक्तगणों को पूजा और अभिषेक में किसी भी तरह की परेशानी नहीं हुई।महाशिवरात्रि पर जिलेभर के शिव मंदिरों में महादेव की पूजा-आराधना के लिए भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। महामृत्युंजय मंदिर किला में सुबह 4 बजे से ही भक्त पहुंचने लग गए थे। मंदिर से लेकर किला के गेट तक भक्तों की लंबी कतार लगी रही। सभी ने बारी-बारी से जल चढ़ाया और पूजा-अभिषेक कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इस दौरान महिलाओं की भारी संख्या को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। महामृत्युंजय मंदिर के साथ ही मानकेश्वर मंदिर कोठी, ओकारेश्वर देवालय खुटेही, शिव मंदिर देवतालाब, कष्टहरनाथ मंदिर देवतालाब, ढूढ़ेश्वरनाथ मंदिर, अडगड़नाथ मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में लाखों श्रद्धालु पहुंचे और श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। शिव मंदिरों के साथ ही शहर में जगह-जगह भंडारा आयोजित किया गया। महामृत्युंजय मंदिर, मानकेश्वर नाथ मंदिर कोठी सहित पंचमठ आश्रम के साथ ही शहर में जगह-जगह देररात तक भंडारा चलता रहा। वहीं शिव मंदिर देवतालाब, अडगड़नाथ मंदिर सोहागी, कष्टहरनाथ मंदिर गुढ़ में भी आयोजित भंडारे में हजारों लोगों ने शामिल होकर महाप्रसाद ग्रहण किया।उप मुख्यमंत्री ने ढेरा में विश्वेश्वरनाथ मंदिर में किया भगवान शिव का अभिषेक

महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल अपने गृह ग्राम ढेरा पहुंचे। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम ढ़ेरा में विश्वेश्वरनाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। उप मुख्यमंत्री ने भगवान शिव की विधिवत पूजा अर्चना और हवन किया प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक मनगवां नरेन्द्र प्रजापति, कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सड़क पार कर रही महिला को अज्ञात वाहन ने मारी जोरदार टक्कर, इलाज के दौरान हुई मौत



**रीवा** । जिले के मंनगवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मिश्रगवा में रविवार के तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। घटना पेट्रोल पंप के समीप सुबह करीब 5 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मिश्रगवा निवासी अनीता साकेत (पति शैलेंद्र साकेत) अपनी सास के साथ तड़के शौच क्रिया के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान जब वह सड़क पार कर रही थीं और बीच सड़क तक पहुंचीं, तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अनीता सड़क किनारे दूर जा गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं।घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिजनों ने बताया कि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान नहीं हो सकी है। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि शीघ्र ही आरोपी वाहन और चालक की पहचान कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का आवागमन लगातार बना रहता है, जिससे आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है। उन्होंने क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर और चेतावनी संकेत लगाए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी है।

## शिवपुरी में अधिवक्ता के हत्याकांड पर सुमिता सिंह गहरवार ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, फास्ट ट्रैक कोर्ट व 1 करोड़ मुआवजे की उठाई मांग



**रीवा**। शिवपुरी में अधिवक्ता संजय सक्सेना की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में अब प्रदेश स्तर पर आवाज उठने लगी है। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य पद की प्रत्याशी अधिवक्ता श्रीमती सुमिता सिंह गहरवार ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र भेजकर इस जघन्य घटना में कठोर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा है कि शिवपुरी में अधिवक्ता संजय सक्सेना की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या किया जाना न केवल कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न है, बल्कि अधिवक्ता समुदाय की सुरक्षा के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने मांग की है कि इस मामले में आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाया जाए तथा उन्हें जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलाई जाए।सुमिता सिंह गहरवार ने अपने पत्र में यह भी मांग की है कि मृतक अधिवक्ता संजय सक्सेना के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। साथ ही परिवार के एक सदस्य को शासकीय सेवा में नौकरी दी जाए, ताकि परिजनों को आर्थिक और सामाजिक संबल मिल सके। उन्होंने लिखा है कि अधिवक्ता समाज न्याय व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्तंभ है। यदि अधिवक्ताओं की ही सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होगी तो आम नागरिकों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया प्रभावित होगी। इसलिए राज्य सरकार को इस मामले को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के आधार पर लेना चाहिए।

### मुख्य सचिव 19 फरवरी को वीडियो कान्फ्रेंसिंग से करेंगे समीक्षा

**रीवा**। मुख्य सचिव अनुराग जैन 19 फरवरी को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर्स, कमिश्नर्स कान्फ्रेंस के एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे। बैठक दोपहर बाद 3.30 बजे आरंभ होगी। बैठक में रोजगार, उद्योग एवं निवेश, लोक सेवा प्रबंधन तथा सुशासन, ग्रामीण विकास विभाग तथा अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की जायेगी। कमिश्नर बीएस जामोद ने सभी संबंधित अधिकारियों को एजेण्डा बिन्दुओं की अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

## गुढ़ बायपास पर दर्दनाक हादसा,तेज रफ्तार इनोवा ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर मौत




**रीवा**। शहर के रीवा-गुढ़ बायपास मार्ग पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार इनोवा कार ने पहले बाइक को टक्कर मारी और इसके बाद भागने की कोशिश में चालक ने युवक को कई बार घसीटते हुए कुचल दिया। हादसे से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान ग्राम गौरा निवासी मुन्नू सिंह के रूप में हुई है। बताया गया है कि वह गुढ़ स्थित बाल ज्योति स्कूल में अपना बोलेरो वाहन संचालित करते थे। रविवार को वाहन में आई तकनीकी खराबी के चलते वह उसकी मरम्मत कराने बाइक से मौके पर पहुंचे थे। मुन्नू सिंह सड़क पार कर रहे थे तभी रीवा की ओर से आ रही तेज रफ्तार इनोवा कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह कार के नीचे फंस गए। हादसे के बाद चालक ने वाहन रोकने के बजाय मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन बाइक और युवक के वाहन के नीचे फंस जाने के कारण कार आगे नहीं बढ़ सकी। इस दौरान युवक काफी दूर तक घसीटता रहा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है।

## कलेक्टर ने विकास कार्यों और हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की



**मऊगंज**। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने गूगल मीट के माध्यम से जिला अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिले के विकास कार्यों और हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने लोक सेवा गारंटी, ई आफिस, आईजीओटी, फार्मर रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना, सीएम हेल्पलाइन, पीएम आवास योजना ग्रामीण और राजस्व प्रकरणों के निराकरण सहित अन्य बिन्दुओं की समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की सौ दिन से अधिक समय से के लंबित और नॉन अटेंडेड शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने, निर्माण कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूरा कराने, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ बिना किसी देरी के दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पोर्टल पर सभी प्रगति रिपोर्ट को तत्काल अपडेट करना सुनिश्चित करें ताकि जिले की रैंकिंग में सुधार हो। मुख्य सचिव की कॉन्फ्रेंस के लिए अपनी विभागीय रिपोर्ट और उपलब्धियों का डेटा तैयार रखें। सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता से करें ताकि जिला मऊगंज की रैंकिंग प्रदेश में बेहतर बनी रहे। राजस्व और भू-अभिलेखों के लंबित मामलों पर विशेष ध्यान दें। तीन माह से अधिक समय से लंबित सीमांकन, नामांतरण और बँटवारा के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर पोर्टल में दर्ज कराएं। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी ई आफिस के माध्यम से फाइलों का मूवमेंट सुनिश्चित करें। अभी जिन अधिकारियों की ई आफिस में आईडी नहीं बनी है वे तत्काल आईडी बनाकर फाइलों का आदान-प्रदान करें। इससे समय और श्रम दोनों की बचत होगी। शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने स्कूलों और अस्पतालों के सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही जल जीवन मिशन की योजनाओं की जमीनी हकीकत जांची जाए और यह सुनिश्चित करें कि नल-जल योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन के तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के साथ-साथ कुटीर एवं ग्रामोद्योग के भी लंबित प्रकरणों का निराकरण करें। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना योजना के अंतर्गत कारीगरों को मिलने वाले ऋण और उनकी स्वीकृति की प्रक्रिया के संबंध में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को बिना किसी बाधा के लाभ मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि जिले में एक जिला एक उत्पाद के तहत टमाटर को शामिल किया गया है। इसकी खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें। जिला स्तरीय कौशल विकास समिति और तकनीकी शिक्षा के माध्यम से युवाओं को रोजगारोन्मुखी बनाने पर बल दिया गया। जिला स्तरीय समन्वय समिति और समीक्षा समिति के माध्यम से बैंकों और सरकारी विभागों के बीच बेहतर तालमेल बैठाएं जिससे जिले की रैंकिंग में सुधार हो। बैठक में 'प्रधानमंत्री गति शक्ति' और 'जिला व्यापार सुधार कार्य योजना' की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना, राजस्व स्रोत बढ़ाने, एकल नलजल योजना, धरती आबा तथा लखपति दीदी योजना की समीक्षा की।

## उप संचालक ने किया फिश हेचरी का निरीक्षण



**रीवा** । खेती के साथ-साथ मछलीपालन को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। परंपरागत मछलीपालन के स्थान पर आधुनिक तकनीकों से मछलीपालन की इकाईयाँ विकसित की जा रही हैं। उप संचालक मछलीपालन डॉ. अंजना सिंह ने गत दिवस सतना जिले के भ्रमण के दौरान नागौद विकासखण्ड के ग्राम जसो तथा कोलहाई जलाशय में फिश हेचरी एवं आरएएस संरचनाओं का निरीक्षण किया। आरएएस संरचना में पक्के तालाब बनाकर मछलीपालन किया जाता है। इसमें सीमित क्षेत्र में भी मछली का अच्छा उत्पादन प्राप्त होता है। इसी तरह केजकल्चर के माध्यम से भी मछली का बड़ी मात्रा में उत्पादन किया जा रहा है।